>

Title: Regarding the release of Mr. Kashmira Singh languishing in Pakistan Jail.

श्री अविनाश राय खन्ना (होशियारपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत महत्वपूर्ण विषय के बारे में कहना चाहता हूं और लंच से पहले भी मैंने यह विषय उठाया था। मैं सरकार से क्लेरिटी चाहता हूं, मेरी कांस्टीटुंसी के श्री कश्मीरा सिंह 35 साल से पाकिस्तान जेल में बंद हैं। पिछले दस वर्षों से उसकी रिहाई के लिए कोशिश कर रहा हूं। पाकिस्तान से मैसेज आ रहे हैं कि उसे आज रिहा कर दिया जाएगा। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने ट्रेवलिंग डॉक्यूमेंट भेज दिए हैं? वह इंडिया वापिस आएगा या नहीं आएगा? क्योंकि बहुत चर्चा अखबारों और मीडिया में हो रही है। वहां पर लोग बैठे इंतजार कर रहे हैं। महोदय, इतनी क्लेरिटी सरकार दे दे तो अच्छा होगा। होम मिनिस्टर साहब यहां बैठे हैं, मैं बस इतनी क्लेरिटी उनसे जानना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय : आप उनसे पर्सनली मिल लें।

14.33 hrs.

MR. DEPUTY SPEAKER: Now, we take up item no. 14. Matters under Rule 377 listed for the day may be treated as laid on the Table of the House.